**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2398**
**दिनांक 10 दिसंबर, 2024/ 19 अग्रहायण,1946 (शक) को उत्तर के लिए**

**दिल्ली पुलिस में पद**

**2398. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी:**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) दिल्ली पुलिस में अधिकारियों और कर्मचारियों के कितने स्वीकृत पद हैं;**

**(ख) स्वीकृत पदों की तुलना में पदनाम सहित रिक्त पड़े पदों की संख्या कितनी है; और**

**(ग) उक्त पदों पर नियुक्ति कब तक किए जाने की संभावना है?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री नित्यानंद राय)**

(क) से (ग): जैसा कि दिल्ली पुलिस द्वारा सूचित किया गया है, 94,249 की स्वीकृत पद संख्या (कांस्टेबल से पुलिस आयुक्त तक) में से, दिनांक 15.11.2024 तक विभिन्न ग्रेडों में 8,123 पद खाली हैं । सेवानिवृत्ति, पदोन्नति और त्यागपत्र आदि के कारण रिक्तियों का होना और उन्हें भरना एक सतत प्रक्रिया है । तदनुसार, नियमों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, भर्ती एजेंसियों को रिक्तियों की सूचना दी जाती है। भर्ती एजेंसियों से नामांकन प्राप्त होने पर औपचारिकताएं पूरी करने के बाद रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाती हैं।

******